NBT PAGE 5

परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू ने यूजी एनईपी व अन्य कोर्सों के सेमेस्टर परीक्षा के लिए बने केंद्रों की सूची जारी कर दी है। पीजी के सेमेस्टर के परीक्षा सेंटर की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। किसी प्रकार की समस्या होने पर परीक्षा नियंत्रक से संपर्क किया जा सकता है। एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार यूजी बीए, बीकॉम और बीएससी की सेमेस्टर परीक्षा लखनऊ के साथ ही हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और रायबरेली में होनी है। परीक्षा के लिए 23 नोडल सेंटर और 197 केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा वीएड के सेमेस्टर की परीक्षा के लिए भी परीक्षा केंद्रों की सूची भी अपडेट कर दी गई है। पीजी में भी आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स के केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है।

लविवि की पीजी सम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू व संबद्ध कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। पहले दिन अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, रक्षा अध्ययन, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, अर्थशास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान, योगा, वेस्टर्न हिस्ट्री और भू-गर्भ विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। इसके लिए रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी जिले में बनाए गए नोडल सेंटर्स पर कॉपियों व प्रश्न पत्र भेज दिए गए हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 40 से 50 हजार है।

लविवि, लिंकन विवि करेंगे संयुक्त मेजबानी

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू और लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज के बीच मंगलवार को शैक्षिक गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा हुई। इसके अलावा सम्मेलनों की संयुक्त मेजबानी पर भी बात हुई। नई दिल्ली में 29 से 30 जुलाई तक हुए शिक्षा समागम 2023 के दौरान एलयू ने दो एमओयू किए थे। इसके तहत लिंकन यूनिवर्सिटी, कुआलालंमपुर मलेशिया के प्रतिनिधि डॉ. बी अब्दुल रफीक मंगलवार को एलयू पहुंचे। एलयू प्रो. आलोक कुमार राय की मौजूदगी में मार्केटिंग, इंजिनियरिंग, फॉर्मेसी समेत विभिन्न विषयों में दोहरी/जुड़वां डिग्री पर भी बात हुई।

एलयू में विदेशी झलक

Sandeep Rastogi

एलयू में दाखिला चाहने वाले विदेशी स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ रही है। इस बार 1465 विदेशी स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। सबसे ज्यादा आवेदन अफ्रीकी देशों से आ रहे हैं। इसके अलावा इंडोनेशिया, बांग्लादेश, कजाकिस्तान सहित कई अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लविवि व सभी संबद्ध कॉलेजों में बुधवार से परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू होंगी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षाओं में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 50 हजार तक है। इनके लिए पांचों जिलों में 97 केंद्रों व 23 नोडल सेंटर बनाए गए हैं। पहले दिन अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, रक्षा अध्ययन, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, अर्थशास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान, योगा, वेस्टर्न हिस्ट्री और भू-गर्भ विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। (संवाद)

बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से

लखनऊ। लविवि ने स्नातक, परास्नातक के कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया। बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 अगस्त को होंगी। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अगस्त से एक सितंबर तक होंगी। इसके अलावा स्नातक में बीएससी एग्रीकल्चर व परास्नातक में एमकॉम, एमएससी एग्रीकल्चर, एमए साइकोलॉजी एमए पब्लिक पॉलिसी, एमपीएच के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसे वेबसाइट पर देख सकते हैं। (संवाद)

टोडा जनजाति का अध्ययन कर लौटा छात्र दल

टोडा जनजाति का अध्ययन कर लौटे छात्र कुलपति के साथ। -स्रोत : लविवि

लखनऊ। टोडा जनजाति की संस्कृति, रहन-सहन के आए बदलावों का अध्ययन करने तमिलनाडु में नीलगिरि की पहाड़ियों पर गया लविवि के मानव विज्ञान विभाग का 34 सदस्यीय दल मंगलवार को लौट आया। इसने टोडा जनजाति की संस्कृति और उनकी जीवन शैली में बदलावों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। यह राजभवन भी भेजी जाएगी।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया दल ने स्थानीय तमिल भाषा सीखकर अंतर सांस्कृतिक प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। छात्रों ने अंतिम दिन तमिलनाडु के राजभवन में राज्यपाल आरएन रवी के साथ भोज कर संवाद किया। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व विभागाध्यक्ष डॉ. केया पांडेय आदि थे। (संवाद)

लविवि ने एमकॉम, एप्लाइड इकोनॉमिक्स के परीक्षा परिणाम किए घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक पाठ्यक्रमों एमकॉम व एप्लाइड इकोनॉमिक्स में प्रवेश के लिए 23 जुलाई को कराई प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर चयन सूची देख सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि काउंसिलिंग के प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाएगी। (संवाद)

साथ काम करेंगे लविवि व लिंकन यूनिवर्सिटी

लखनऊ। शिक्षा के क्षेत्र में लविवि और मलयेशिया की लिंकन यूनिवर्सिटी साथ काम करेंगे। 29 व 30 जुलाई को शिक्षा समागम में हुए एमओयू के तहत मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और लिंकन यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ. बी अब्दुल रफीक की कुलपति कार्यालय में बैठक हुई। इसमें दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने ज्वॉइंट डिग्री प्रोग्राम चलाने की बात रखी। अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहन देने के लिए भी सहमति दी गई। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

परीक्षार्थियों की ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज होगी, लखनऊ समेत पांच जिलों में परीक्षा

पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध सभी कॉलेजों में संचालित परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। इसके लिए सभी नोडल परीक्षा केंद्रों पर कॉपियां व प्रश्न पत्र भेजे जा चुके हैं।

40 से 50 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृतः मंगलवार से स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। इसमें लखनऊ सहित सभी पांचों जिलों के संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं बुधवार से परास्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी जिले में बनाए गए नोडल सेंटर्स पर कॉपियां व प्रश्न पत्र भेज दी गई हैं।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 40 से 50 हजार है। इसके लिए पांचों जिलों में 21 नोडल सेंटर व 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

प्रवक्ता डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने ऑनलाइन मीटिंग की माध्यम से सभी सेंटर सुपरिंटेंडेंट को ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज करने के निर्देश दे दिए हैं।

एलयू में बीए, बीएससी की कक्षाएं शुरू : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में बीए व बीएससी के सभी विषयों की कक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। छात्र-छात्राओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय आकर पढ़ाई करना प्रारम्भ कर दिया है। शुरुआती दिन छात्र छात्राओं ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया और समय सारिणी के बारे में जानकारी हासिल की।

तमिलनाडु में टोडा जनजाति पर अध्ययन कर लौटी एलयू की टीम ने मंगलवार को वीसी से मुलाकात की।

23 नोडल सेंटर और 97 परीक्षा केंद्रों पर तैयारी पूरी

■ सभी नोडल परीक्षा केंद्रों पर कॉपियां व प्रश्न पत्र भेजे जा चुके हैं

टोडा जनजाति पर शोध कर वापस लौटे 34 विद्यार्थी

लखनऊ। एलयू से तमिलनाडु राज्य में टोडा जनजाति पर अध्ययन करने गए मानवशास्त्र विभाग के 34 छात्र-छात्राएं व शोधार्थी मंगलवार को लखनऊ वापस आ गए। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों ने कोयंबटूर, ऊटी, तंजावुर और चेन्नई सहित तमिलनाडु भर के महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने तमिलनाडु कृषि विवि, जेएसएस संस्थान, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, शास्त्र विश्वविद्यालय और अन्ना विवि के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की। डॉ. श्रीवास्तव के मुताबिक छात्रों ने जनजातियों पर अपने शोध के साथ तमिल भाषा सीखकर अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा दिया। छात्रों के लौटने से पहले तमिलनाडु राजभवन में समापन समारोह आयोजित किया गया।

इन विषयों की परीक्षाएं

पीजी पाठ्यक्रमों में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। पहले दिन अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, रक्षा अध्ययन, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, अर्थशास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान, योगा, वेस्टर्न हिस्ट्री और भू-गर्भ विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

एमकॉम प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित

एलयू में एमकॉम और एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी सम्पूर्ण मेरिट लिस्ट को एलयू की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर देख सकते हैं। प्रवक्ता के अनुसार काउंसलिंग की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।

युगल डिग्री के लिए एलयू में हुआ मंथन

लखनऊ। एलयू और मलेशिया की लिंकन यूनिवर्सिटी एक साथ कई तरह के डिग्री कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी में हैं। मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस संबंध में बैठक की।

मंगलवार को लिंकन के प्रतिनिधि डॉ. बी. अब्दुल रफीक ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ विवि परिसर में मुलाकात की। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच मार्केटिंग, इंजीनियरिंग और फार्मेसी सहित कई अन्य विषयों में संयुक्त व युगल डिग्री शुरू करने पर सहमति बनी है।

i-NEXT PAGE 4

छात्रों से मिले तमिलनाडु के राज्यपाल

LUCKNOW (1 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी के मानव विज्ञान विभाग के 34 छात्रों की अध्ययन यात्रा 31 जुलाई को राजभवन, तमिलनाडु में आयोजित सम्मान समारोह के साथ खत्म हुई. तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. यात्रा के दौरान, छात्रों ने जनजातियों पर एक व्यापक अध्ययन किया, उनकी संस्कृतियों और तमिल भाषा की खोज को लेकर जानकारी जुटाई.

ज्ञानवर्धक यात्रा शुरू

टीम ने कोयंबटूर, ऊटी, तंजावुर और चेन्नई सहित तमिलनाडु भर के महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा करते हुए एक ज्ञानवर्धक यात्रा शुरू की. अपने शोध और ज्ञान को बढ़ाने के प्रयास में, छात्रों ने राज्य के प्रसिद्ध संस्थानों, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, जे एस एस संस्थान, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, शास्त्र विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की. जनजातियों पर अपने शोध के साथ-साथ, छात्रों ने सक्रिय रूप से तमिल भाषा सीखकर, अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देकर सांस्कृतिक प्रशंसा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की. तमिलनाडु राजभवन में समापन समारोह राज्यपाल के लिए छात्रों के साथ बातचीत की. एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी मौके पर शामिल रहे. उन्होंने तमिलनाडु के बीच उपयोगी शैक्षणिक आदान-प्रदान का महत्व भी बताया.

एलयू करेगा मलेशिया की यूनिवर्सिटी के साथ करार

LUCKNOW (1 Aug): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में हुए शिक्षा समागम 2023 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू के तहत, तौर-तरीकों और भविष्य कार्यवाही पर चर्चा के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, कुआलालंमपुर, मलेशिया के प्रतिनिधि डॉ. बी. अब्दुल रफीक के बीच सोमवार को बैठक हुई. इस बैठक में आगामी कुछ सम्मेलनों की संयुक्त मेजबानी जैसे सहयोग पर चर्चा की गई. इसके साथ ही मार्केटिंग, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और अन्य जैसे विषयों में दोहरी व जुड़वां (Joint and Twin degree) डिग्री की शुरुआत पर भी चर्चा की गई. साथ ही, दोनों यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू के तहत अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

एमकाम का प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ (एसएनबी)। 23 जुलाई 2023 को हुई एमकाम और एम काम अप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी सम्पूर्ण मेरिट लिस्ट को लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर देख सकते है। काउंसलिंग की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारम्भ की जायेगी।

विद्यार्थियों की तामिलनाडु अध्ययन यात्रा पूरी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग के 34 छात्र-छात्राओं की तमिलनाडु की समृद्ध अध्ययन यात्रा 31 जुलाई को राजभवन तमिलनाडु में आयोजित सम्मान समारोह के साथ पूरी हो गई।

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने विद्यार्थियों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उन्हें उपहार भी दिए। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने जनजातियों पर व्यापक अध्ययन किया। टीम ने कोयंबटूर, ऊटी और चेन्नई सहित तमिलनाडु भर के महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा करते हुए यह यात्रा शुरू की थी।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : 61 केंद्रों पर होंगी बीएड सम सेमेस्टर परीक्षाएं

वीएससी व एमएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा के लिए बने 17 केंद्र, लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की नोडल एवं परीक्षा केंद्रों की सूची

जासं, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बीएड, बीएससी व एमएससी एग्रीकल्चर, बीपीएड, बीएजेएमसी, बीलिबएससी, बीबीए व बीसीए सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की पहचान सूची जारी कर दी है। संबंधित पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपना केंद्र देख सकते हैं।

बीएड सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 17 नोडल और 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 अगस्त को होगी। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अगस्त से शुरू होंगी। बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चर सम सेमेस्टर परीक्षाएं 17 केंद्रों पर होंगी। यह परीक्षाएं 16 अगस्त से होंगी।

बीपीएड के परीक्षा केंद्र : बीपीएड सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय, जेएनपीजी कालेज, मुमताज पीजी कालेज और आरएमपी पीजी कालेज सीतापुर, पटेल श्री टीकमाराम डिग्री कालेज हरदोई शामिल है। बीएजेएमसी परीक्षा इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरा नगर में होगी।

बीलिब एससी परीक्षाओं के केंद्र : लवि, कालीचरण पीजी कालेज, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज, अहाटी कालेज, डा. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय खीरी, दयानंद बलरामां डिग्री कालेज रायबरेली।

बीबीए, बीसीए की परीक्षाएं इन केंद्रों पर होंगी : डा. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय खीरी, फिरोजगांधी कालेज रायबरेली, आरएमपी पीजी कालेज सीतापुर।

कई विभागों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के बीच गर्ल्स विंगों में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई। इनमें बीपीएम रिन्यूएबल एनर्जी, बीए-बीएससी योग शामिल हैं। वहीं, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज और नारी शिक्षा निकेतन फार्मेसी में बुधवार से प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित होंगी। इसकी समय सारिणी छात्राओं को उपलब्ध करा दी गई है। लवि ने अपने एकेडमिक कैलेंडर में 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने और एक अगस्त से प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू करने के लिए कहा था। अभी प्रवेश स्नातक की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऐसे में जिन विभागों में प्रवेश हो चुके है, उनकी कक्षाएं शुरू कर दी गई। प्राध्य संस्कृत विभाग में शास्त्री प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 24 जुलाई से ही चल रही है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ विभागों में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो गई हैं।

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज : मंगलवार को यहां प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने बताया कि सभी छात्राओं को पहचान पत्र व लाइब्रेरी कार्ड वितरित किया गया। सुबह्वार से कक्षाएं शुरू होंगी।

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज : संस्थान में पहले दिन ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। प्रो. सुमन मिश्रा ने छात्राओं को कालेज के इतिहास से परिचित कराया। छात्राओं को अनुशासन संबंधी, फोर्स, घटन-घटन एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया।

लवि में बीबीए रिन्यूएबल एनर्जी में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो गईं। लविवि

स्नातक प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं सात से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों के ओल्ड बीए, बीएससी व बीकॉम प्रथम सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स नान एनईपी) परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। इन कोर्सों के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से विस्तृत कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स (साख्यिकी व मैथमेटिक्स को छोड़कर) की परीक्षाएं सात अगस्त से चार सितंबर तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होंगी। वहीं, बीएससी प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं सात से 30 अगस्त और बीकाम प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं आठ से 23 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी।

इनाडी डेटशीट भी जारी : लवि ने परास्नातक के कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया है। शास्त्री चौथे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं 16 से 29 अगस्त, एमए हिन्दी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 29 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 30 अगस्त तक होंगी। इसी तरह एमए ज्योग्राफी चौथे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं नौ से 18 अगस्त तक संचालित होंगी। बीए आनर्स हिन्दी छठे सेमेस्टर 17 से 24 अगस्त को आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा दो अगस्त से शुरू होने वाली एमए वेस्टर्न हिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं की संशोधित डेटशीट जारी की गई है। इसके चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं चार से 12 अगस्त तक होंगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

जनजातियों पर किया अध्ययन सेमेस्टर परीक्षा की तिथियां घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तमिलनाडु में मानव विज्ञान का अध्ययन कर वापस लौटा छात्रों का दल, राज्यपाल ने की छात्रों के प्रयासों की सराहना

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग के 34 छात्रों ने तमिलनाडु में जनजातियों पर अध्ययन किया। टीम ने कोयंबटूर, ऊटी, तंजावुर और चेन्नई सहित तमिलनाडु भर के महत्वपूर्ण स्थानों का भी दौरा किया।

अपने शोध और ज्ञान को बढ़ाने के प्रयास में छात्रों ने राज्य के प्रसिद्ध संस्थानों तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, जेएसएस संस्थान, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, शास्त्र विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की। ये सहयोग उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को समृद्ध करने में अमूल्य साबित हुए। विशेष रूप से, जनजातियों पर अपने शोध के साथ-साथ, छात्रों ने तमिल भाषा सीखी। साथ ही अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देकर सांस्कृतिक प्रशंसा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। तमिलनाडु राजभवन में समापन समारोह राज्यपाल के लिए छात्रों के साथ बातचीत की. एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी मौके पर शामिल हुए।

- लविवि में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमकॉम, एमए का जारी हुआ परीक्षा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। साथ ही विश्वविद्यालय से संबद्ध विद्यालयों के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी की गई है। परीक्षाएं 16 अगस्त से शुरू होंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आर्ट्स विभाग के छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से शुरू होंगी और 29 तक चलेंगी। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीए आनर्स हिंदी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 24 तक तक होंगी। एम हिंदी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 29 तक और एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 30 तक होंगी। एमए पश्चिमी इतिहास द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 से 17 तक होंगी। जबकि एमए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 4 से 12 अगस्त तक होंगी। बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 अगस्त से 1 सितंबर तक होंगी। जबकि बीएडी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 12 अगस्त को होगी। बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 अगस्त से 4 सितंबर तक होंगी। एम भूगोल शास्त्र की परीक्षाएं 9 से 18 तक होंगी। एम कॉम चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से शुरू होंगी और 24 तक चलेंगी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें पुराना और नया पाठ्यक्रम शामिल है।

प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊः एम कॉम और एम कॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रवेश परीक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। परीक्षा 23 जुलाई को हुई थी। अभ्यर्थी मेरिट लिस्ट को लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के admission page पर देख सकते हैं। काउंसलिंग की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। दूसरी ओर आज से बीए और बीएससी की कक्षाएं भी शुरू हो गईं।

VoL PAGE 3, 6

अनुसंधान को देंगे बढ़ावा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज के प्रतिनिधि के साथ मंगलवार को बैठक की।

बैठक में तय किया गया कि अनुसंधान को बढ़ावा देंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, कुआलालंमपुर, मलेशिया के प्रतिनिधि डॉ. बी अब्दुल रफीक के बीच आज लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बैठक हुई। बैठक में आगामी कुछ सम्मेलनों की संयुक्त मेजबानी पर चर्चा की गई। साथ ही मार्केटिंग, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और अन्य विषयों में दोहरी यानी जुड़वां डिग्री की शुरुआत पर भी चर्चा हुई।

राज्यपाल ने की लविवि छात्रों के प्रयासों की सराहना

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। लविवि के मानव विज्ञान विभाग के 34 छात्रों की तमिलनाडु की समृद्ध अध्ययन यात्रा राजभवन को राजभवन, तमिलनाडु में आयोजित हुए पादराय सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अपनी ज्ञानवर्धक यात्रा के दौरान छात्रों ने जनजातियों पर एक व्यापक अध्ययन किया। खुद को उनकी संस्कृतियों और तमिल भाषा की खोज में डुबो दिया। टीम ने कोयंबटूर, ऊटी, तंजावुर और चेन्नई सहित तमिलनाडु भर के महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा करते हुए एक ज्ञानवर्धक यात्रा शुरू की। अपने शोध और ज्ञान को बढ़ाने के प्रयास में, छात्रों ने राज्य के प्रसिद्ध संस्थानों, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, जे एस एस संस्थान, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, शास्त्र विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की। ये सहयोग उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को समृद्ध करने में अमूल्य साबित हुए।

एमकॉम प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि में विगत 23 जुलाई को संपन्न हुई एमकॉम प्योर और एमकाम अप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी सम्पूर्ण मेरिट लिस्ट को लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.lkouniv.ac.in admission page पर देख सकते हैं। काउंसलिंग की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू की जायेगी।

लविवि में एमओयू को लेकर हुई चर्चा

लखनऊ। पीएम मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में 29-30 जुलाई को हुए शिक्षा समागम 2023 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू के तहत तौर-तरीकों और भविष्य कार्यवाही पर चर्चा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, कुआलालंमपुर, मलेशिया के प्रतिनिधि डॉ.बी. अब्दुल रफीक के बीच मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बैठक हुई। इस बैठक में आगामी कुछ सम्मेलनों की संयुक्त मेजबानी जैसे सहयोग पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मार्केटिंग, इंजीनियरिंग, फार्मेसी और अन्य जैसे विभिन्न विषयों में दोहरी/जुड़वां डिग्री की शुरूआत पर भी चर्चा की गयी।

LOKSATYA PAGE 2

तमिलनाडु के राज्यपाल ने की छात्रों के प्रयासों की सराहना

समारोह

- तमिलनाडु में मानवविज्ञान विभाग के अध्ययन दौरे का सफल समापन

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग के 34 छात्रों की तमिलनाडु की समृद्ध अध्ययन यात्रा 31 जुलाई को राजभवन, तमिलनाडु में आयोजित एक यादगार सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुई। तमिलनाडु के माननीय राज्यपाल आरएन रवि ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपनी ज्ञानवर्धक यात्रा के दौरान, छात्रों ने जनजातियों पर एक व्यापक अध्ययन किया, खुद को उनकी संस्कृतियों और तमिल भाषा की खोज में डुबो दिया। टीम ने कोयंबटूर, ऊटी, तंजावुर और चेन्नई सहित तमिलनाडु भर के महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा करते हुए एक ज्ञानवर्धक यात्रा शुरू की। अपने शोध और ज्ञान को बढ़ाने के प्रयास में, छात्रों ने राज्य के प्रसिद्ध संस्थानों, अर्थात तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, जे एस एस संस्थान, केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, शास्त्र विश्